Ans. (a) – कमायचा वाद्ययंत्र पश्चिमी राजस्थान के मांगणियार समुदाय द्वारा बजाया जाने वाला वाद्य यंत्र है जो शीशम की लकड़ी, इस्पात, बकरे के चमड़े, घोड़े की बाल आदि से बनाया जाता है तथा ये मुख्यतः जैसलमेर व बाड़मेर जिलों में मिलता है।

386. 'नड़' वाद्य यंत्र राजस्थान के किस क्षेत्र में अधिकांशतः प्रयुक्त होता है?

(a) जैसलमेर (b) मेवाड़
(c) बीकानेर (d) बाड़मेर

कनिष्ठ अनुदेशक (मैकेनिक डीजल इंजन)-2018

Ans. (a) – नड़ वाद्य यंत्र बैंठ व कंगारी पौधे से तैयार किया जाता है। यह मुँह में टेड़ा रखकर बजाया जाने वाला मशक वाद्य यंत्र के समान ही होता हैं इसका प्रयोग जैसलमेर में अधिक होता है। करणा भील नड़ वाद्य यंत्र का प्रसिद्ध वादक था।

387. करणा भील किस वाद्य का प्रसिद्ध वादक था?

(a) नड़ (b) मोरचंग
(c) सतारा (d) करणा

कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (a) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

388. निम्नलिखित में से राजस्थान का लोकवाद्य तन्तु वाद्य हैं?

(a) अलगोजा (b) जन्तर
(c) पूंगी (d) बांकिया

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (विष)-2019

Ans. (b) – जंतर वाद्य लकड़ी, इस्पात और घोडे के बाल से बना एक तंतु वाद्य (तार वाद्य) यंत्र है। वीणा की आकृति से मिलते इस यंत्र में दो तुम्बे होते है। इसे खड़े-खड़े ही गले से लगाकर अंगुलियों की सहायता से बजाया जाता है।

389. लोक वाद्य यंत्र 'टामक' राजस्थान के किस सांस्कृतिक क्षेत्र से सम्बन्धित है?

(a) मेवाड़ (b) वागड़
(c) मेवात (d) मेरवाड़ा

अन्वेषक सीधी भर्ती परीक्षा-2019

कनिष्ठ अनुदेशक (मैकनिक रेफ्रिजरेशन) 2018

Ans. (c) – 'टामक' लोक वाद्ययंत्र राजस्थान के मेवात क्षेत्र से संबांधित हैं। यह लोहे का बड़ा नगाड़ा होता है, इसे भैंस की खाल से मंढ़ा जाता है। इसे रणभूमि का वाद्य भी कहा जाता है।

390. साकर खान को 2012 में किस लोक वाद्य में प्रवीणता के लिए पद्म श्री से सम्मानित किया गया?

(a) कामायचा (b) सारंगी
(c) मोरचंग (d) खड़ताल

कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) संयुक्त भर्ती परीक्षा-2020

कनिष्ठ अनुदेशक (फिटर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (a) – साकर खान का जन्म 1938 ई. में जैसलमेर में हुआ था। इन्हें वर्ष 2012 में लोक वाद्य कामायचा के लिए भारत सरकार द्वारा पद्मश्री से सम्मानित किया गया है।

391. कौनसा तत् वाद्य नहीं है-

(a) जन्तर (b) भपंग
(c) दुकाका (d) नागफनी

JEN Civil Degree Exam Date - 16.10.2016

Ans. (d) – तत् वाद्य उसे कहते है जिसे तारों के माध्यम से बजाया जाता है जैसे- सितार, वीणा ,जन्तर, भपंग, तंदुरा, इकतारा आदि। नागफनी एक सुषिर वाद्य यंत्र है।

392. वाद्य यंत्र, जो कच्छी घोड़ी नृत्य में बजाया जाता है-

(a) अलगोजा (b) झांझ
(c) सुरनाई (d) कामाचया

VDO-2021 Exam Date 27.12.2021 Shift-I

Ans. (b) – झांझ एक प्रकार का मंजीरा होता है, जिसकी लम्बाई-चौड़ाई लगभग एक फुट होता है। इस वाद्य यंत्र का प्रयोग शेखावटी कच्छी छोड़ी नृत्य के अवसर पर ढोल एवं ताशे वाद्य यंत्र के साथ प्रयोग किया जाता है।

393. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म (वाद्ययंत्र-प्रकार) सुमेलित नहीं है?

(a) भपंग-तत् (b) सिंगी-सुषिर
(c) ताशा-अवनद्ध (d) नड़-घन

फायरमैन सीधी भर्ती परीक्षा-2021 (Ex. Dt. 29-01-2022)

Ans. (d) – राजस्थान के वाद्य यंत्रों को मुख्यतः चार भागों में बाँटा गया है-
(i) तत् वाद्य यंत्र -भपंग, तंदूरा, इकतारा इत्यादि।
(ii) सुषिर वाद्य यंत्र- ''नड़' शहनाई, बांसुरी, बीन, शंख आदि
(iii) अबनद्ध वाद्य यंत्र -पखावज, ढोलक, डमरू आदि।
(iv) घन वाद्ययंत्र - मंजीरा, करताल, घुंघूरू

394. मुँह से बजाया जाने वाला वाद्य यन्त्र है—

(a) इकतारा (b) अलगोजा
(c) नौबत (d) ताशा

उत्तर—(b)

RPSC RAS/RTS 2006-07

व्याख्या—मुँह से बजाया जाने वाला वाद्य यन्त्र अलगोजा है, यह फूंक से बजने वाला यन्त्र है। इकतारा एक ऐसा वाद्य जो एक छोटे गोल तुम्बे में बांस फँसाकर थोड़ा सा हिस्सा बकरे के चमड़े से मढ़ देते हैं। ताशा एक चपटे तथा पतले नक्काड़े की शक्ल का वाद्य है। नौबत एक बड़े नगाड़े की शक्ल का होता है।

395. निम्नलिखित में से कौन सा सुषिर वाद्य नहीं है?

(i) सुरनाई (ii) अलगोजा
(iii) नागफणी (iv) कमायचा

सही विकल्प चुनिए –

(a) (i) व (iii) (b) (iii) व (iv)
(c) केवल (iv) (d) (ii), (iii) व (iv)

उत्तर – (c)

RPSC RAS/RTS 2015

व्याख्या – प्रश्नगत विकल्पों में सुरनाई, अलगोजा और नागफणी सुषिर वाद्य हैं। कमायचा में वाद्य यंत्र जो फूंक कर बजाए जाते हैं, उन्हें सुषिर वाद्य कहते है।

396. सूची-I एवं सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर चुनिए-

सूची-I
(लोक वाद्य यंत्र)
(A) भपंग
(B) नड़
(C) अलगोजा
(D) खड़ताल
सूची-II